विभाग तथा राष्ट्रीय संस्थानों की वेबसाइटों पर अपलोड किए जाने हेतु

N-2206/89/2022-NI
भारत सरकार
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग (डीईपीडब्ल्यूडी) के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन निम्नलिखित पाँच राष्ट्रीय संस्थानों (स्वायत्त निकायों) में निदेशक के पद की वर्तमान तथा संभावित रिक्तियों पर नियुक्ति हेतु पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं :-

**1. संस्थानों के नाम:**

(क) राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान, देहरादून;

(ख) राष्ट्रीय बहुदिव्यांगता जन सशक्तिकरण संस्थान, चेन्नई;

(ग) स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय पुनर्वास प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, कटक (रिक्ति दिनांक 04.11.2026 से संभावित);

(घ) पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय शारीरिक दिव्यांगजन संस्थान, नई दिल्ली (रिक्ति दिनांक 01.11.2026 से संभावित);

(ङ) राष्ट्रीय गतिशील दिव्यांगजन संस्थान, कोलकाता (रिक्ति दिनांक 01.12.2026 से संभावित);

**2. भर्ती की विधि** : प्रतिनियुक्ति/ संविदा के आधार पर ।

*(प्रतिनियुक्ति एवं संविदा, दोनों आधारों पर आवेदन एक साथ आमंत्रित किए जाएंगे। तथापि, संविदा के आधार पर चयन केवल उस स्थिति में किया जाएगा जब प्रतिनियुक्ति के लिए उपयुक्त अभ्यर्थी उपलब्ध न हों।)*

**3. वेतन मान/स्तर** :**प्रतिनियुक्ति के लिए:** सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स के वेतन स्तर -13 (₹ 1,23,100/- से ₹ 2,15,900/-)
**संविदा के लिए:** 3% की दर से वार्षिक वृद्धि के प्रावधान के साथ प्रति माह 1,75,000/- रुपये का समेकित पारिश्रमिक ।

**4. आयु सीमा** : प्रतिनियुक्ति अथवा संविदा, दोनों आधारों पर आवेदन करने हेतु अधिकतम आयु 56 वर्ष होगी जिसकी गणना आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि के अनुसार की जाएगी ।

**5. पात्रता मानदंड** :

(क) प्रतिनियुक्ति के लिए: - केंद्र/राज्य सरकार/विश्वविद्यालय/सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम/ स्वायत्त/ सांविधिक संगठन के अधीन कार्यरत अधिकारी,

जो सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स के वेतन स्तर-13 अथवा समकक्ष ग्रेड में वेतन प्राप्त कर रहे हों तथा उनके पास किसी भी क्षेत्र में अनुसंधान अथवा पुनर्वास अथवा प्रशासन के क्षेत्र में, अधिमानतः दिव्यांगता के क्षेत्र में कुल 05 वर्ष का अनुभव हो;

अथवा

जिन्होंने सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स के वेतन स्तर-12 अथवा समकक्ष ग्रेड में 05 वर्ष की नियमित सेवा प्रदान की हो तथा उनके पास किसी भी क्षेत्र में अनुसंधान अथवा पुनर्वास अथवा प्रशासन के क्षेत्र में, अधिमानतः दिव्यांगता के क्षेत्र में कुल 05 वर्ष का अनुभव हो;

अथवा

जिन्होंने सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स के वेतन स्तर -11 अथवा समकक्ष ग्रेड में 08 वर्ष की नियमित सेवा प्रदान की हो तथा उनके पास किसी भी क्षेत्र में अनुसंधान अथवा पुनर्वास अथवा प्रशासन के क्षेत्र में, अधिमानतः दिव्यांगता के क्षेत्र में कुल 05 वर्ष का अनुभव हो;

तथा

निम्नलिखित शैक्षणिक एवं अन्य अपेक्षित योग्यताएँ रखते हों :-

**अनिवार्य शैक्षणिक योग्यताएं और आवश्यकताएं:-** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से किसी भी विषय में, अधिमानतः विशेष शिक्षा अथवा पुनर्वास के क्षेत्र में, न्यूनतम 55% अंकों अथवा समकक्ष ग्रेड के साथ स्नातकोत्तर डिग्री ।

वांछनीय योग्यताएं:- पीएच.डी. (किसी भी विषय में)।

(ख) संविदा के लिए:- किसी सरकारी/पंजीकृत गैर-सरकारी संस्था/संगठन/कंपनी में अनुसंधान अथवा पुनर्वास अथवा प्रशासन के क्षेत्र में, अधिमानतः दिव्यांगता के क्षेत्र में कुल 15 वर्ष का अनुभव;

तथा

आवेदक पिछले पाँच वर्षों से न्यूनतम ₹6,00,000 प्रति वर्ष का कॉस्ट टू कंपनी (CTC) प्राप्त कर रहा हो।

तथा

निम्नलिखित शैक्षणिक एवं अन्य अपेक्षित योग्यताएँ रखते हों :-

**अनिवार्य शैक्षणिक योग्यताएं और आवश्यकताएं:-** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से किसी भी विषय में, अधिमानतः विशेष शिक्षा अथवा पुनर्वास के क्षेत्र में, न्यूनतम 55% अंकों अथवा समकक्ष ग्रेड के साथ स्नातकोत्तर डिग्री।

वांछनीय योग्यताएं:- पीएच.डी. (किसी भी विषय में)।

*** कार्यकाल प्रारंभ में 03 वर्ष का होगा, जिसे कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (DoPT) के प्रचलित मानदंडों के अनुसार, पात्रता एवं लागू प्रावधानों के अधीन, अधिकतम 05 वर्ष तक बढ़ाया जा सकेगा।*

सामान्य शर्तें:

1. प्रतिनियुक्ति/ संविदा भारत सरकार के समय-समय पर संशोधित एवं प्रवर्तित प्रतिनियुक्ति संबंधी नियमों के अनुसार विनियमित होगी।

2. आवश्यक दस्तावेजों के बिना प्राप्त या अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। आवेदन की प्राप्ति की अंतिम तिथि से पहले एक पात्र उम्मीदवार से प्राप्त आवेदन की अग्रिम प्रति पर विचार किया जा सकता है, बशर्ते चयन के लिए साक्षात्कार निर्धारित होने से पहले आवश्यक दस्तावेजों के साथ विधिवत अग्रेषित आवेदन प्राप्त हो।

3. आवेदन अग्रेषित करते समय संबंधित विभाग/संगठन कृपया यह सुनिश्चित करें कि जिन अधिकारियों ने इस पद के लिए आवेदन किया है, उन्हें बाद में उनके चयन होने की स्थिति में अपनी उम्मीदवारी वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

4. केवल शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को ही साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। हालांकि, सक्षम प्राधिकारी, बिना कोई कारण बताए रिक्ति को रद्द करने, वापस लेने या बदलने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

5. सभी प्रकार से पूर्ण निर्धारित प्रारूप में आवेदन, पिछले पांच वर्षों के एसीआर/ एपीएआर, सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र और सतर्कता मंजूरी के साथ (जहां भी लागू हो) प्रशंसापत्र / प्रमाणपत्रों की स्व-सत्यापित प्रतियों के साथ उचित माध्यम से Employment News/रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 42 दिनों के भीतर श्री आशीष ठाकरे, निदेशक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, कमरा नंबर 517A, 5वीं मंजिल, पं. दीनदयाल अंत्योदय भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003, के पास पहुंचना चाहिए।

6. संविदा के आधार पर चयनित अभ्यर्थी को समेकित (Consolidated) पारिश्रमिक प्रदान किया जाएगा तथा वह मकान किराया भत्ता (HRA) / यात्रा भत्ता (TA) सहित किसी भी प्रकार के भत्ते का हकदार नहीं होगा।

7. आवेदक को प्रत्येक संस्थान के लिए अलग-अलग आवेदन जमा करना आवश्यक है। तथापि, एक ही राष्ट्रीय संस्थान के लिए एक से अधिक आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

8. आवेदकों को डिमांड ड्राफ्ट के रूप में "PAO, Department of Empowerment of Persons with Disabilities" के पक्ष में 1000/- रुपये का शुल्क जमा करना आवश्यक है जो SBI, शास्त्री भवन, नई दिल्ली में देय होगा। इसे प्रत्येक आवेदन पत्र के साथ संलग्न किया जाएगा।

(आशीष ठाकरे)
निदेशक

<u>निदेशक के पद के लिए आवेदन प्रपत्र</u>

**संस्थान का नाम जिसके लिए आवेदन किया गया है...............**

प्रतिनियुक्ति/ अनुबंध पर पद के लिए आवदेन किया है .............................

कृपया विधिवत अनुप्रमाणित हाल ही का पासपोर्ट आकार का फोटो संलग्न करें

1. नाम और पता (स्पष्ट अक्षर में):

   टेलीफोन/ मोबाइल नंबर के साथ:

   ई-मेल आईडी :

2. पिता का नाम:
3. जन्म तिथि :
4. सेवानिवृत्ति की तारीख (जहां लागू हो)
5. शैक्षणिक एवं अन्य अपेक्षित योग्यताएँ:

(क) अनिवार्य शैक्षिक योग्यता:

| शैक्षणिक योग्यता जो रखते हैं | बोर्ड / विश्वविद्यालय | उत्तीर्ण होने का वर्ष | % / समतुल्य ग्रेड | अवधि | मुख्य विषय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |

(ख) वांछनीय शैक्षिक योग्यता और अनुभव

(i) शैक्षिक योग्यता:

(ii) अनुभव:

(iii) प्रकाशित शोध-पत्र/ प्रकाशन :

6. रोजगार के विवरण, कालानुक्रमिक क्रम में नवीनतम से शुरू करते हुए। यदि नीचे स्थान अपर्याप्त है, तो आपके हस्ताक्षर द्वारा विधिवत प्रमाणित एक अलग पेपर संलग्न करें।

| संगठन | धारित पद/पदनाम | इस तिथि से | इस तिथि तक | वेतनमान / परिलब्धियां | ड्यूटी की प्रकृति (विस्तार से) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

7. वर्तमान रोजगार की प्रकृति अर्थात् तदर्थ या अस्थायी या स्थायी या कोई अन्य.........................

8. वर्तमान में प्रति माह आहरित
   कुल परिलब्धियां...............................................................

9. वर्तमान रोजगार के बारे में अतिरिक्त विवरण। कृपया बताएं कि क्या निम्नलिखित के तहत काम कर रहें हैं (संगत कॉलम के सामने अपने नियोक्ता का नाम बताएं) –

   (क) केंद्रीय सरकार

   (ख) राज्य सरकार

   (ग) स्वायत्त संगठन

   (घ) सरकारी उपक्रम

   (ङ ) विश्वविद्यालय

   (च) अन्य (कृपया उल्लेख करें)

10. यदि वर्तमान नियुक्ति प्रतिनियुक्ति / अनुबंध के आधार पर धारण की है, तो कृपया स्पष्ट करें -

   i. प्रारंभिक नियुक्ति की तारीख ...............................................................

ii. प्रतिनियुक्ति / अनुबंध पर नियुक्ति की अवधि ............................................

iii. उस मूल कार्यालय/ संगठन का नाम, जिससे आप संबंधित हैं ........................

11. अतिरिक्त जानकारी, यदि कोई हो, जिसका आप इस पद के लिए अपनी उपयुक्तता के समर्थन में उल्लेख करना चाहेंगे ...........................................................................

12. कृपया स्पष्ट रूप से बताएं कि क्या आपके द्वारा की गई प्रविष्टियों के आलोक में, आप इस पद की आवश्यकताओं को पूरा करते हैं: हां/नहीं...................

13. पिछले पाँच वर्षों का कॉस्ट टू कंपनी (CTC) विवरण

(संविदा (Contract) आधार पर आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के लिए अनिवार्य)

| वित्तीय वर्ष | कुल CTC (₹ प्रति वर्ष) | संगठन / नियोक्ता | रोजगार की प्रकृति (नियमित / संविदा / अन्य) | सहायक दस्तावेज संलग्न (हाँ / नहीं) |
|---|---|---|---|---|
| 2021-22 | | | | |
| 2022-23 | | | | |
| 2023-24 | | | | |
| 2024-25 | | | | |
| 2025-26 | | | | |

मैंने रिक्ति परिपत्र/ विज्ञापन ध्यान से पढ़ लिया है और मैं वचन देता हूं कि ऊपर दी गई जानकारी/ विवरण मेरे ज्ञान में पूरी तरह से सही है।

स्थान : ..........................................

तिथि....................

उम्मीदवार के हस्ताक्षर

पता.......................................

.....................................................

<u>नियोक्ता / अग्रेषण प्राधिकारी द्वारा प्रमाणपत्र प्रस्तुत किया जाएगा</u>

यह प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कुमारी ____________________________________, जो इस विभाग/ संगठन में ____________________________________ के पद पर दिनांक __________________ से कार्यरत हैं, के विरुद्ध कोई सतर्कता (Vigilance) अथवा अनुशासनिक (Disciplinary) मामला न तो लंबित है और न ही विचाराधीन है।

2. यह भी प्रमाणित किया जाता है कि उनकी सत्यनिष्ठा (Integrity) संदेह से परे है।

3. यह प्रमाणित किया जाता है कि विगत **10 वर्षों** के दौरान श्री/श्रीमती/कुमारी ____________________________ पर कोई छोटी या बड़ी शास्ति (Minor /Major Penalty) अधिरोपित नहीं किया गया है।

लगाई गई शास्ति का विवरण(यदि कोई हो) ______________________

4. पिछले 5 वर्षों की एसीआर / एपीएआर की सत्यापित प्रतियाँ संलग्न हैं।

स्थान:

तारीख:

(मुहर सहित नियोक्ता के हस्ताक्षर)